Title: Need to provide technical know-how and adequate funds to State Government of Bihar to check severe erosion caused by the Ganges in Samastipur and Vaishali districts of Bihar.

प्रो. अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : सभापति महोदय, गंगा की धारा की निरन्तर मिथेन्डरिंग प्रक्रिया के कारण बिहार के समस्तीपुर एवं वैशाली जिला के दक्षिण छोर पर दियारा क्षेत्र में कटान की भीषण समस्या उत्पन्न हो गई है। पिछले दस वर्षों की अवधि में कई पलवइया, चांदपुर. जौनापुर, धरणोपट्टी तथा रसूलपुर पर खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे हजारों लोग बेघरवार हो जाएंगे तथा हजारों हेक्टेयर भूमि को गंगा लील जाएगी। आसन्न कटाव से प्रभावित हजारों लोगों के पुनर्वास में जितने संसाधन की तत्क्षण आवश्यकता होगी उससे बहुत कम में ही अभी समय रहते, कटाव को नियंत्रित किया जाना चाहिए। बिहार सरकार के पास इस संसाधन का अभाव है।

अतः मेरी केन्द्रीय सरकार से मांग है कि इस समस्या से जूझने के लिए बिहार सरकार को आवश्यक तकनीकी सलाह एवं पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराएं।